# संपीड़ित बायो गैस प्लांट निर्माण का स्थल निरीक्षण करने पहुंचे आयुक्त

**भिलाईनगर।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा जोन क्रं. 02 वैशाली नगर अंतर्गत डामरीकृत रोड एवं सी.बी.जी. प्लांट निर्माण स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। वार्ड क्रं. 24 हाउसिंग बोर्ड में रोड का नया डामरीकरण का कार्य कराया जा रहा है, जिसका फाईनल कोटिंग बारिश से पूर्व सूखे मौसम में कराने उप अभियंता को निर्देशित किये, जिससे नागरिको के आवागमन में किसी प्रकार की समस्या न हो। सुन्दर विहार स्थित खसरा नम्बर 1423 में भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बी.पी.सी.एल.) भारत सरकार के तहत संपीड़ित बायो गैस (सी.बी.जी.) प्लांट का निर्माण किया जाना है, निर्माण से पूर्व स्थल का निरीक्षण किया गया। प्लांट में घरो से निकलने वाले गीला कचरा, ठोस अपशिष्ट एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थो के माध्यम से बायो गैस एवं जैविक खाद का उत्पादन किया जायेगा। जिसका उपयोग परिवहन, बिजली उत्पादन, घरेलू ईधन, जैविक खाद इत्यादि कार्यो में किया जायेगा। उक्त स्थल पर कुछ नागरिको द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। जिसे हटाने की कार्यवाही करने जोन आयुक्त येशा लहरे एवं कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा को निर्देशित किया गया। समीपस्थ स्थित कृष्णकुंज उद्यान निर्मित किया गया है, जिसका निरीक्षण किया गया। उद्यान का फैसिंग तार कुछ जगहो का टूटा हुआ है, जिसका संधारण कराकर पौधा रोपण करने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किए। वार्ड क्रं. 23 की पार्षद उषा शर्मा एवं वार्ड 22 के पार्षद पति अजय साहू के साथ घासीदास नगर स्थित गुरू घासीदास भवन का निरीक्षण किये, मौके पर पहुंचने पर पता चला कि वहां अज्ञात व्यक्ति द्वारा लंबे समय से ताला बंद कर भवन को अपने कब्जे में रखा गया था। आयुक्त पाण्डेय की उपस्थिति में पंचनामा कराकर ताला तोड़वाकर भवन को रिक्त कराया गया। निरीक्षण के दौरान उपअभियंता अर्पित बंजारे, जोन सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

